**पंजीकृत / ई–मेल**

प्रेषक,

महानिदेशक उच्च्तर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

सेवा में,

राज्य के सभी राजकीय महाविद्यालय / राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को

यादी क्रमांकः– 18 / 21–2021 महा०–3(3)
दिनांक, पंचकूला 17/7/2026

**विषयः–** **वर्ष 2022–23 से 2025–26 में हुए दाखिलों के समय ली गई डा० राधा कृष्ण फण्ड की राशि निदेशालय को भेजने बारे।**

***************

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में।

विषयांकित मामले में हरियाणा राज्य के राजकीय महाविद्यालयों / अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में सत्र 2025–2026 दाखिले हो चुके हैं। दाखिलों के समय महाविद्यालयों द्वारा डा० राधा कृष्ण फण्ड की राशि 70 / – रुपये प्रति छात्र ली जाती है। जिनमें से 40 / – रुपये प्रति छात्र की राशि महाविद्यालय स्तर पर रखी जाती है तथा 30 / – रुपये प्रति छात्र की राशि निदेशालय को भेजी जानी होती है। वर्ष 2022–23 से अब तक महाविद्यालयों से निदेशालय में जमा करवाई जानी वाली 30 / – रुपये की राशिं नही भिजवाई गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि वर्ष 2022–23 से 2025–26 में प्रति छात्र से डा० राधा कृष्ण फण्ड की 70 / – रुपये की राशि में से निदेशालय का शेयर 10 दिनों के अन्दर–अन्दर महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा के नाम बैक ड्राफ्ट बनवाकर भेजा जाए, बैक ड्राफ्ट भेजते हुए समय आप द्वारा पत्र में स्पष्ट रूप से लिखा जाए कि यह राशि किस वर्ष की है तथा महाविद्यालय में छात्रों की संख्या कितनी है।

इसके अतिरिक्त आपको यह भी लिखा जाता है कि जिन महाविद्यालयों ने गत वर्ष की राशि नही भेजी है। वह भी तुरन्त भेजी जाए।

उप–अधीक्षक महाविद्यालय–III
कृतेः महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।